
इंदौर, शुक्रवार 14 अगस्त 2026
वर्ष : 5 अंक : 248
पृष्ठ : 6 मूल्य : 2

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बोट क्लब पर नौका तिरंगा यात्रा में शामिल होकर तिरंगा लहराया।

## 'वंदे मातरम्' के अपमान पर अब 3 साल तक की सजा

*नई दिल्ली (एजेंसी) • राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' को कानूनी संरक्षण देने वाले राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 को मंजूरी दे दी है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद राष्ट्रगीत का जानबूझकर अपमान करना, उसके गायन में बाधा डालना या उसे रोकने का प्रयास करना दंडनीय अपराध होगा।*

*नए प्रावधानों के तहत ऐसे मामले में अधिकतम तीन वर्ष तक की जेल, जुर्माना या दोनों की सजा का प्रावधान किया गया है। संशोधन का उद्देश्य राष्ट्रगीत को राष्ट्रीय सम्मान से जुड़े कानूनी प्रावधानों के तहत संरक्षण देना है।*

***'वंदे मातरम्' का ऐतिहासिक महत्व**-बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित 'वंदे मातरम्' उनके उपन्यास आनंदमठ का हिस्सा था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यह गीत राष्ट्रीय चेतना और देशभक्ति का महत्वपूर्ण प्रतीक बना। स्वतंत्रता के बाद इसे भारत के राष्ट्रगीत का दर्जा दिया गया।*

*कानूनी प्रावधान मुख्य रूप से जानबूझकर किए गए अपमान, गायन में बाधा डालने या उसे रोकने के प्रयास से संबंधित हैं। केवल किसी व्यक्ति द्वारा राष्ट्रगीत नहीं गाने की स्थिति को स्वतः इस अपराध के समान नहीं माना जाएगा। ऐसे मामलों में कानून के वास्तविक प्रावधान और घटना की परिस्थितियां महत्वपूर्ण होंगी।*

## अंगदान के बाद किडनी प्रत्यारोपण को लेकर उठे सवाल, वेटिंग में शामिल तीसरे मरीज को मिली

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में मार्च माह में हुए अंगदान में किडनी प्रत्यारोपण में देरी का मामला चर्चा में है। इस मामले में नोटो (नेशनल ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन) ने जांच भी शुरू कर दी है। इसे लेकर अब एमडीएम मेडिकल कॉलेज ने कहा कि अंगदान होने पर अंग उन मरीजों को प्रत्यारोपित किए जाते हैं, जिनके नाम वेटिंग लिस्ट में होते हैं। तकनीकी कारणों या मरीज द्वारा मना करने पर वेटिंग लिस्ट में शामिल दूसरे मरीजों से पूछा जाता है।



फाइल फोटो

23 मार्च को इंदौर में हुए अंगदान के बाद किडनी प्रत्यारोपण के लिए वेटिंग लिस्ट में बॉम्बे अस्पताल में भर्ती मरीज पहले स्थान पर था। उससे संपर्क किया गया, लेकिन चिकित्सकीय कारणों से मरीज को किडनी प्रत्यारोपित नहीं की जा सकती थी।

दूसरी लिस्ट में जिस मरीज का नाम था, उसकी 17 मार्च को ही मौत हो चुकी थी। इसके बाद शैल्बी अस्पताल में भर्ती तीसरे मरीज को किडनी प्रत्यारोपित की गई। उसका नाम भी वेटिंग लिस्ट में था। कॉलेज डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने कहा कि अंगदान की प्रक्रिया सोटा, मध्य प्रदेश की गाइडलाइन के अनुसार की गई।

इंदौर अंगदान के मामले में देश में पहले स्थान पर है। आठ अगस्त को इंदौर में 69वां ग्रीन कॉरिडोर बना था और तीन लोगों को नया जीवन मिला। बीते चार महीनों में इंदौर में चार बार ग्रीन कॉरिडोर बने हैं, लेकिन 23 मार्च को इंदौर में ब्रेन-डेड मरीज के अंगदान के बाद अंग प्रत्यारोपण में देरी जांच के घेरे में आ गई है।

## इंस्टाग्राम ने 10 साल बाद बदला लोगो

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • इंस्टाग्राम ने करीब 10 साल बाद अपने पहचान वाले लिखे हुए लोगो यानी वर्डमार्क को बदल दिया है। नया डिजाइन पहले से ज्यादा साफ और मॉडर्न बनाने की कोशिश है, लेकिन सोशल मीडिया पर लोगों ने ट्रोलिंग शुरू कर दी है। कुछ लोगों को नया डिजाइन पसंद आया है, जबकि कई यूजर्स को इसमें इंस्टाग्राम का पुराना अंदाज ही नहीं दिख रहा। कुछ लोगों ने तो मजाक में इसे 'इंस्टाग्राम' तक कहना शुरू कर दिया है। यहां एक जरूरी बात समझना जरूरी है। इंस्टाग्राम ने इस बार अपने पूरे ऐप आइकॉन को बदलने का ऐलान नहीं किया है।

### अवकाश की सूचना

15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 'दैनिक इंदौर संकेत' कार्यालय का पूर्ण अवकाश रहेगा। अगला अंक 16 अगस्त 2026 को प्रकाशित होगा। - संपादक

### न्यूज ब्रीफ

- बंटवारे के जख्मों को याद कर पीएम मोदी भावुक, बोले- अपनों से बिछड़ लाखों लोगों ने खड़ी की जिंदगी
- उत्तराखंड : चमोली टनल हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर हुई, पीपलकोटी पहुंचे मुख्यमंत्री धामी
- नोएडा में शाहबेरी फर्नीचर मार्केट में भीषण आग, एक शख्स की मौत
- UAE ने होर्मुज से गुजर रहे ADNOC के दो जहाजों को निशाना बनाए जाने की कड़ी निंदा की
- महाराष्ट्र के नासिक में भूकंप के झटके महसूस किए गए
- कुशनर अगले हफ्ते मिस्र के मध्यस्थों से बातचीत के लिए जाएंगे काहिरा
- शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी; सेंसेक्स 300 अंक टूटा, निफ्टी 24,350 से नीचे
- बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया पर बनाई बढ़त, स्कोर 3 विकेट पर 240 पार; तमीम 101 बनाकर आउट
- अहमदाबाद : सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक आज

### इंदौर निगम के सहायक राजस्व अधिकारी पर लोकायुक्त रेड

## 31 साल की नौकरी में 80 लाख वेतन, 2.53 करोड़ की संपत्ति

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • नगर निगम इंदौर के सहायक राजस्व अधिकारी (ARO) जितेंद्र कुमार पांडेय के ठिकानों पर लोकायुक्त ने छापा मारा है। शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे लोकायुक्त की दो अलग-अलग टीमें पांडेय के घर और उनकी पत्नी भावना के नाम हॉस्टल पर पहुंची। इनमें डीएसपी सुनील तालान, आनंद चौहान, निरीक्षक आशुतोष मिठास और सचिन पटेरिया शामिल हैं।

प्रारंभिक जांच में ARO पांडेय की वैध आय की तुलना में करीब 1.73 करोड़ रुपए की अनुपातहीन संपत्ति मिलने की बात सामने आई है। लोकायुक्त एसपी राजेश सहायक के मुताबिक, पांडेय नगर निगम में करीब 31 वर्ष से नौकरी कर रहे हैं। पूरे सेवाकाल में उन्हें करीब 80 लाख रुपए वेतन के रूप में मिलने का अनुमान है। इसके मुकाबले जांच में करीब 2.53 करोड़ रुपए का व्यय सामने आया है। यह वैध आय से करीब 1.73 करोड़ रुपए ज्यादा और 216.35 प्रतिशत अनुपातहीन बताया गया है।



**पत्नी, बेटे-बेटी के नाम कई गाड़ियां**-जांच में ARO जितेंद्र कुमार पांडेय की पत्नी, बेटे और बेटी के नाम कई चार पहिया और दोपहिया वाहन खरीदे जाने की जानकारी भी सामने आई है। इन पर करीब 14 लाख रुपए के खर्च का प्रारंभिक आकलन है।

### पत्नी के नाम दो बिल्डिंग, एक में चल रहा हॉस्टल

लोकायुक्त की प्रारंभिक जांच में भावना पांडेय के नाम पर आनंद नगर एक्सटेंशन में एक इमारत मिली है। नवलखा-चितावद इलाके की इस बिल्डिंग में 40×50 फीट के प्लॉट पर त्न+3 भवन बना हुआ है। इसके निर्माण पर करीब 1.20 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। इसी तरह गजाधर नगर, चितावद के गुलमोहर का बगीचा इलाके में भावना के नाम G+2 बिल्डिंग मिली है। इसमें हॉस्टल चलने की जानकारी सामने आई है। इसके निर्माण पर करीब 91.50 लाख रुपए खर्च का अनुमान है।

अधिकारियों के मुताबिक, अभी सामने आए आंकड़े प्रारंभिक हैं। दस्तावेजों और अन्य संपत्तियों के सत्यापन के बाद ही अनुपातहीन संपत्ति का अंतिम आकलन किया जाएगा।

## 16 अगस्त का दिन, इंदौर को मिलेगी चार बड़ी सौगातें



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर के विकास की तस्वीर में 16 अगस्त का दिन नया अध्याय जोड़ने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक ही दिन में शहर को चार बड़ी सौगातें देंगे पश्चिम क्षेत्र की करीब 40 साल पुरानी सड़क का सपना साकार होगा, वहीं दशहरा मैदान में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के लिए भूमिपूजन, नेहरू पार्क के नए स्विमिंग पूल का लोकार्पण और इंदौर जू के 14-डी थिएटर का अनावरण किया जाएगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तुलसीराम सिलावट पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन सांसद शंकर लालवानी विधायक मधु वर्मा महेंद्र हार्डीया रमेश मेंदोला मालिनी गौड़ मनोज पटेल गोलू शुक्ला नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण मुरारी मोघे एमआईसी सदस्य पार्षदगण एवं भाजपा पदाधिकारी महिला मोर्चा युवा मोर्चा सहित सभी मोर्चा पदाधिकारी ओर कार्यकारिणी स्थानीय नागरिक उपस्थित रहेंगे

महापौर ने बताया कि 16 अगस्त इंदौर के विकास के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। पश्चिम क्षेत्र की करीब चार दशक पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। अन्नपूर्णा रोड से रिंग रोड को जोड़ने वाली सड़क के शुरू होने से हजारों नागरिकों को सीधा और सुगम आवागमन मिलेगा। इसके साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के लिए भूमिपूजन, नेहरू पार्क के नए स्विमिंग पूल और इंदौर जू के 14-डी थिएटर का लोकार्पण शहर के विकास को नई दिशा देगा। एक ही दिन में कनेक्टिविटी, विरासत, खेल और मनोरंजन के क्षेत्र में इंदौर को बड़ी सौगातें मिलेंगी। यह शहर के विकास की निरंतर यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है।

### बार-बार बदल रहा है लॉगइन सिस्टम

## ई-अटेंडेंस एप ठप, शिक्षक परेशान असमंजस की स्थिति हो रही निर्मित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • ई-अटेंडेंस का सिस्टम पटरी पर नहीं आ पा रहा है। शिक्षकों की माने तो आए दिन कुछ न कुछ परेशानी उन्हें भुगतनी पड़ती है। गुरुवार शाम को लॉगआउट नहीं होने स्कूल में बैठे शिक्षक परेशान हो गए। इसके बाद सभी के वाट्सएप ग्रुप में मैसेज की बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। किसी ने हमारे शिक्षक एप की कमियां बताते हुए स्क्रीन शॉट शेयर किए तो किसी ने जीपीएस लोकेशन-फोटो अफसर और साथियों तक भेजे। वहीं बात यदि अफसरों की करें तो उन्होंने ऐसा कुछ भी होने से इनकार किया।

जानकारों का कहना है कि शिक्षकों ने विभागीय अधिकारियों को शिकायत भी दर्ज कराई कि शाम के वक्त हमारे शिक्षक एप पूरी तरह से ठप था। शिक्षक दो घंटे तक लॉगआउट को लेकर



परेशान रहे। विभागीय ग्रुपों में तकनीकी समस्या से संबंधित स्क्रीन शॉट और जीपीएस कैमरे से फोटो खींच कर डाले गए। जब हल्ला मचा तो शाम 7 बजे के बाद विभाग ने घर पहुंच चुके शिक्षकों को अपने निवास से ही लॉगआउट की सुविधा दी। सबसे ज्यादा दिक्कत ग्रामीण स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को हुई। दीक्षित ने कहा कि पिछले तीन दिन से लॉगइन व लॉगआउट के समय को लेकर बार-बार समय बदला जा रहा है। इससे शिक्षकों में असमंजस की स्थिति बन रही है।

### मांडू में 3 दिन 'नो रूम', नर्मदा किनारे रिसोर्ट सैलानियों से भरे

## प्रदेश में मानसून की बहार के बीच धार्मिक पर्यटन स्थल हुए फुल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्य प्रदेश में मानसून अपने शबाब पर है। बारिश ने जहां झरनों, पहाड़ियों और ऐतिहासिक इमारतों की खूबसूरती बढ़ा दी है, वहीं पर्यटन और धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों-श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ गई है। पचमढ़ी से मांडू और महेश्वर तक वीक-एंड पर होटल फुल हो रहे हैं। उज्जैन में सावन सोमवार और नागपंचमी के चलते 5 से 6 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।

कई जगह होटल के कमरे पहले से बुक हैं, जहां कमरे मिल रहे हैं, वहां वीक-एंड के कारण किराया बढ़ गया है। मांडू में कमरा 10 हजार रुपए तक पहुंच गया है, जबकि महेश्वर में लग्जरी रॉयल रूम का किराया 60 हजार रुपए तक है।



**मांडू :** बारिश में मांडू की खूबसूरती बढ़ जाती है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। वीक-एंड पर यहां 'नो रूम' की स्थिति बन रही है। 14 से 16 अगस्त तक सभी होटल बुक हैं।

**उज्जैन :** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में शनिवार और रविवार को 3 से 4 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। सावन सोमवार और नागपंचमी एक साथ पड़ने के कारण यहां श्रद्धालुओं की संख्या 5 से 6 लाख तक पहुंच सकती है। इसके चलते अधिकांश होटल पहले से बुक हैं।

**महेश्वर :** नर्मदा किनारे बसे महेश्वर में 120 से ज्यादा होटल, होम स्टे, रिजॉर्ट, धर्मशाला और पर्यटन निगम के ठहरने के विकल्प हैं। यहां कमरे का शुरुआती किराया करीब 1200 रुपए है, जबकि हेरिटेज और लग्जरी होटल में रॉयल रूम की कीमत 60 हजार रुपए तक पहुंचती है।

## कश्मीर पर रुख कभी नहीं बदलेंगे- शाहबाज

**इस्लामाबाद (एजेंसी)** • पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल समझौते को लेकर एक बार फिर से भारत को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हिस्से के पानी पर कोई समझौता नहीं होगा। अगर इसे रोकने या कम करने की कोशिश हुई तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।


प्रधानमंत्री शहबाज ने गुरुवार को इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि कश्मीर पर पाकिस्तान का रुख कभी नहीं बदलेगा। अपने भाषण में शहबाज ने एक बार फिर सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की तारीफ करते हुए दावा किया कि उनके नेतृत्व में पाकिस्तान ने भारत को हराया।

**चीन की दोस्ती को हिमालय से भी मजबूत बताया**-शहबाज ने अपने भाषण में चीन-पाकिस्तान की दोस्ती को हिमालय से भी



बुलंद बताया। उन्होंने कहा कि चीन पाकिस्तान का अजीम दोस्त है। हर मुश्किल घड़ी में वह चट्टान की तरह देश के साथ रहा है। शहबाज शरीफ ने अपने भाषण में एक बार फिर दावा किया कि मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अहम भूमिका रही थी।


AUGUST 15
समस्त देशवासियों को
राष्ट्रीय महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 अगस्त एक ऐसा दिन है जो हमें आजादी की याद दिलाता है और उन शहीदों की याद दिलाता है, जिन्होंने इस देश के लिए अपना घर, अपना परिवार एवं अपनी जिंदगी सब कुर्बान कर दिया।
डॉ. नवनीत जैन
हाईकोर्ट अधिवक्ता
9406646901 dr. navnit jain
www.Technicalpts.com


कुछ नशा तिरंगे की आन का है,
कुछ नशा मातृभूमि की शान का है,
हम लहराएंगे हर जगह ये तिरंगा
नशा ये हिंदुस्तान की शान का है।
समस्त देशवासियों को
राष्ट्रीय महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
एड. सुमित यादव
जिला सह संयोजक विधि प्रकोष्ठ
भाजपा धार


तीन रंगों से बना अपना तिरंगा
सदा लहराता रहे
अपना भारत शौर्य की गाथाएं
दोहराता रहे
स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं
दिनेश परमार जिलाध्यक्ष - पुरानी पेंशन
बहाली राष्ट्रीय आंदोलन NMOPS इंदौर
प्रदेश प्रवक्ता - शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश
& मीडिया प्रभारी : अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा इंदौर


सभी देशवासियों को 80वें
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
एड.तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रिम कोर्ट)
बिटिया धनिष्का दीक्षित (वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर)
डॉ. चेतना दीक्षित (मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ)


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सावित्री सुदामा चौधरी
वार्ड 52, कांग्रेस पार्षद मूसाखेडी, इंदौर मप्र


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
संतुष्ट उपभोक्ता
ध्येय हमारा
पश्चिम क्षेत्र कंपनी की शिकायत निवारण प्रक्रिया
कॉल सेंटर
1912
फेसबुक MPEBindore
इंस्टाग्राम MPEBindore
ट्विटर (एक्स) MPEBindore
यूट्यूब westdiscomcreation
जोन वितरण केंद्र पोर्टल
mpwz.co.in
Urjas MPPKVVCL
मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण
कंपनी लिमिटेड, इंदौर

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, शुक्रवार 14 अगस्त 2026



## देपालपुर तिरंगा यात्रा में निरल का दिखा निराला अंदाज

### तिरंगा यात्रा में नीरज पटेल के साथ सैकड़ो युवा हुए शामिल

निलेश चौहान (94250-77209)

**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत**
स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को देपालपुर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। रैली में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। हाथों में तिरंगा और देशभक्ति के नारों के साथ निकली बाइक रैली से पूरे शहर का माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर नजर आया। रैली में देपालपुर विधायक मनोज पटेल के पुत्र निरल पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। तिरंगा बाइक रैली का शुभारंभ कृषि उपज मंडी परिसर देपालपुर से हुआ। यहां से रैली बेटमा नाके पर दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यअर्पण किया गया तहसील रोड, चमन चौराहा पर शहीद भागीरथ जी सिलावट की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया मुख्य बाजार, विजय स्तंभ चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई। मंगलेश्वर मंदिर पहुंची मंगलेश्वर मंदिर पहुंचने पर रैली में शामिल लोगों ने भगवान मंगलेश्वर महादेव के दर्शन किए। यहां भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद तिरंगा बाइक रैली इंदौर नाका स्थित महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके साथ ही रैली का समापन किया गया तिरंगे के साथ युवाओं ने दिया देशभक्ति का संदेश रैली के दौरान बड़ी संख्या में युवा हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर बाइक पर सवार होकर शामिल हुए। जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया। तिरंगे से सजी बाइक और देशभक्ति के नारों से नगर का वातावरण उत्साह और राष्ट्रप्रेम से भर गया। कार्यक्रम के दौरान नीरज पटेल के साथ सैकड़ो युवा शामिल हुए ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया इसी दौरान निरल पटेल का निराला अंदाज देखने को मिला इस दौरान निरल के चेहरे पर उनके दादा निर्भय सिंह पटेल की चमक दिखाई दे रही थी क्योंकि पहले मनोज पटेल के लिए जनता कहती थी दादा को नानो है अब कह रही है दादा का पोता है नीरज पटेल धीरे-धीरे राजनीतिक में सक्रिय होना चाहते हैं तिरंगा यात्रा में उन्होंने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई है।

## ट्रैफिक जाम सुधारने के लिए कांग्रेस नेता लिखेंगे विधायक को पत्र

निलेश चौहान (94250-77209)

**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत**
नगर मे आये दिन ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ी जा रही है। जिससे आये दिन स्कूल के बच्चे बीमार मरीज पशु हाट मे आने वाले वाहन 24अवतार के श्रद्धालु व आसपास के लगभग 60 गाँव के लोग बेटमा, गौतमपुरा, इंदौर, धार, झाबुआ, रतलाम जाने वाले यात्री व आमजन इस ट्रैफ़िक जाम से परेशान होते है। इस और कोई अधिकारी भी ध्यान नहीं देते इस समस्या को देखते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश बड़वाया ने बताया की, देपालपुर मे गाँधी वादी तरीके से क्षेत्रीय विधायक मनोज पटेल के नाम 20 अगस्त से 30 अगस्त तक देपालपुर विधानसभा के कांग्रेस नेता और ग्रामीण क्षेत्र की आम जनता विधायक को पत्र लिखकर ट्रैफिक जाम व्यवस्था को सुधारने का आग्रह करेंगे। इस अभियान में देपालपुर क्षेत्र की आम जनता भी सहयोग कर सकती है क्योंकि देपालपुर नगर के लिए यह एक गंभीर विषय है आए दिन ट्रैफिक जाम से समस्याओं का सामना करना पड़ता है इतना ही नहीं जिम्मेदार अधिकारियों को भी इस विषय पर संज्ञान लेना चाहिए देपालपुर नगर परिषद की अहम भूमिका नगर की ट्रैफिक व्यवस्था पर होनी थी।क्योंकि जब तक सड़क किनारे लगी फुटकर दुकानों को स्थाई जगह नहीं देते हैं तब तक देपालपुर के ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान नहीं होगा इसी कड़ी में कांग्रेस नेता 10 दिन यह अभियान चलाएंगे जिससे क्षेत्र की आम जनता को राहत मिले आने जाने में असुविधा ना हो इस मुद्दे को दैनिक इंदौर संकेत के प्रतिनिधि ने दबंगता से उठाया था। सोशल मीडिया पर यह विषय चर्चा का केंद्र बन गया था। जिसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश बड़वाया ने आम जनता के लिए बड़ी पहल कर दी अब देखना होगा जिम्मेदार जनप्रतिनिधि क्षेत्रीय विधायक और अधिकारी इस मामले में क्या संज्ञान लेते हैं।

**ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के आग्रह पर गांव-गांव से विधायक को भेजे जाएंगे पत्र**


देपालपुर को जाम की समस्या से कब मिलेगी आजादी!
जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन तक नहीं निकाल पाए ट्रैफिक जाम का समाधान


**इंदौर • दैनिक इंदौर संकेत**
जन अभियान परिषद विकासखंड सांवेर में नवांकुर सखियों ने किया वृक्षारोपण सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक श्री मति रजनी यादव नवांकुर समिति सदस्य, मेंटर,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गांव की महिलाएं ओर विद्यालय के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## हीलिंग सेशन में बताये तनाव और नकारात्मक ऊर्जा से बचाव के उपाय

**इंदौर • दैनिक इंदौर संकेत**
आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक उन्नति के उद्देश्य से स्टेट प्रेस क्लब, मप्र में विशेष हीलिंग सेशन का आयोजन किया गया। कल्पवृक्ष हीलिंग फाउंडेशन,मुंबई की संस्थापक सुश्री प्रियंका शाह ने जीवन में असंतुलन,तनाव,चिंता और नकारात्मक ऊर्जा से बचाव के उपाय बताए। सुश्री शाह ने कहा कि जीवन की हर समस्या का निराकरण अपने समक्ष ही रहता है लेकिन हमें बचपन से ही सीखाया जाता है कि हर समस्या बेहद मुश्किल से निराकृत होती है।



हीलिंग के माध्यम से आप स्वयं भी अनेक व्याधियों को ठीक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि लुईस एलहे की पुस्तक यू केन हिल योर बॉडी का जरूर अध्ययन करना चाहिये जिसमें शरीर की हर बीमारी का उपचार बताया गया है। सुश्री शाह ने इस मौके पर हाथ की जोड़ी बनाकर आंशिक छोटी-बड़ी ऊंगलियों को सामान्य उच्चारण से बराबर करने और बल्ब को लोहे जैसा मजबूत बनाने वाले प्रयोग भी दिखाये। सुश्री शाह ने बताया कि जैन संत प्रसन्न सागर जी की प्रेरणा से वो देश भर में हीलिंग का प्रशिक्षण व सत्र आयोजित कर रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ । स्टेट प्रेस क्लब, मप्र की तरफ से सुश्री शाह का सम्मान श्रीराम दरबार एवं अहिल्यामाता के स्मृति चिन्ह से किया गया।

## दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में नदी, पहाड़ों के समीप 5, 7 घर होने पर भी पहुंचाई बिजली

### डीए जुगा योजना में होगा 179 करोड़ रूपए से कार्य, 20 हजार से ज्यादा घरों को स्थाई रोशनी की सौगात

**इंदौर • दैनिक इंदौर संकेत**
धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेयूजीए) में मालवा निमाड़ के जनजातीय क्षेत्रों में अत्यंत दूरस्थ 5, 7 घरों, झोपड़ियों, मजरों में रहने वाले परिवारों को भी स्थाई बिजली व्यवस्था से जोड़ने के लिए मंहा अभियान संचालित किया गया है। इसके लिए शासन की ओर से 179 करोड़ रूपए व्यय किए जा रहे हैं। पश्चिम मप्र के 14 जिलों के करीब 33 हजार घरों को डीए जुगा योजना में रोशन करने की योजना पर तेजी से कार्य कर कुछ माहों में ही 20 हजार से ज्यादा दूरस्थ घरों, मजरे, टोले में रहने वालों को स्थाई रोशनी की सौगात दे दी गई है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अत्यंत दूरस्थ क्षेत्रों में विद्युतीकरण कार्य से लाभान्वितों को बधाई दी है। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि शासन की गाइड लाइन के अनुसार इंदौर और उज्जैन संभाग में डीए जुगा अंतर्गत 5, 7 घर होने पर भी स्थाई बिजली की व्यवस्था करने के लिए टीमों का गठन कर कंपनी स्तर पर दैनिक समीक्षा कार्य प्रारंभ किया गया था, इसी कारण तेजी से कार्य हो रहा हैं, लाभार्थियों यानि जनजातीय परिवारों से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इंदौर जिले महू बिजली संभाग क्षेत्र के के दूरस्थ क्षेत्रों, नदियों के समीप व पहाड़ी क्षेत्र में 85 घरों, मजरे, टोलों को रोशन किया गया है। इसी तरह धार में 1785, झाबुआ में 2159, आलीराजपुर में 2215, खंडवा में 1501, खरगोन में 3529, बड़वानी में 5781, बुरहानपुर में 705 घरों के लिए बिजली संबंधी कार्य पूर्ण कर लाभान्वित किया जा चुका है। श्री सिंह ने बताया कि इसी तरह उज्जैन जिले के 52, शाजापुर के 10, रतलाम जिले के बाजना, रावटी, सैलाना क्षेत्र के दूरस्थ मजरे, फलिए के 1151, देवास जिले के दूरस्थ मजरे, टोले के 1230 घरों में बिजली का माकूल प्रबंध किया गया है।

## जाते-जाते भी किसी को जिंदगी दे जाएं–जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने प्रेरक दोहों से जगाई अंगदान की अलख

**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत**
विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर तहसील विधिक सेवा समिति, देपालपुर के तत्वावधान में सबजेल देपालपुर में अंगदान के प्रति जागरूकता एवं मानवीय संवेदना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने अंगदान को मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम बताते हुए कहा कि मृत्यु के बाद भी हमारे अंग किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में नई रोशनी ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि अंगदान




मानवता, करुणा और जीवन के प्रति सम्मान की भावना है।

## श्रावण मास में गुजराती कॉलेज एलुमनी ने ज्योतिर्लिंगों के किये दर्शन...

**इंदौर • दैनिक इंदौर संकेत**
सावन के पवित्र महीने में गुजराती आर्ट एंड लॉ कॉलेज स्टूडेंट्स एलुमनी ग्रुप के 34 सदस्यों ने धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा के तहत त्र्यंबकेश्वर, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग और एलोरा की यात्रा की यह जानकारी देते हुए ग्रुप के संयोजक प्रवीण नागदिवे ने बताया कि इस धार्मिक यात्रा के दौरान सदस्यों ने विधि-विधान से ज्योतिर्लिंगों की पूजा-अर्चना कर देश की समृद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत को करीब से जाना।



## 135 से ज्यादा कार्यालय सहायक आवेदकों का दस्तावेज परीक्षण

**इंदौर • दैनिक इंदौर संकेत**
मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में पिछले वर्ष परीक्षा के माध्यम से चयनित कार्यालय सहायक श्रेणी 3 के सफल उम्मीद्वारों के दस्तावेज परीक्षण का कार्य पोलोग्राउंड इंदौर में गुरुवार को मुख्य अभियंता द्वारा गठित टीमों के माध्यम से किया गया। इसमें 62 युवाओं ने दस्तावेज परीक्षण कराया, कुछ ने स्वास्थ्यगत कारणों से शुक्रवार को दस्तावेज परीक्षण के लिए निवेदन किया, जिसे स्वीकार किया गया है। उधर ज्योति नगर उज्जैन स्थित कार्यालय में भी 75 अभ्यर्थियों ने दस्तावेजों का परीक्षण विधिवत कराया। इस तरह बिजली कंपनी में आगामी कुछ दिनों में करीब 145 युवाओं को कार्यालय सहायक श्रेणी 3 के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिए जाएंगे। इन पदों से बिजली कंपनी की कार्यालयीन व्यवस्थाओं को और सुचारू करने में आसानी होगी।

# उज्जैन संभाग

## महाकाल सवारी मार्ग का कलेक्टर ने देर रात किया निरीक्षण



**दैनिक इंदौर संकेत**
**उज्जैन** • भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी को लेकर प्रशासन द्वारा सवारी मार्ग पर किए जा रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर रोशन सिंह ने गुरुवार देर रात मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने सती गेट से गोपाल मंदिर होते हुए टंकी चौराहा तक सवारी मार्ग का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने सड़क चौड़ीकरण सहित अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की वर्तमान स्थिति, पूर्ण किए जा चुके कार्यों तथा शेष कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने सवारी मार्ग से जुड़े क्षेत्र के रहवासियों से भी संवाद किया। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा आमजन को मिल रही सुविधाओं के संबंध में उनकी राय जानी। रहवासियों ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्यों से क्षेत्र में आवागमन पहले की तुलना में सुगम हुआ है।

उन्होंने कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कार्य इस प्रकार किए जाएं कि महाकाल सवारी के दौरान श्रद्धालुओं के साथ-साथ आम नागरिकों को भी सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान नगर निगम कमिश्नर अभिलाष मिश्रा, अपर आयुक्त संतोष टैगोर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### हर घर तिरंगा अभियान-2026: उज्जैन में गूंजा देशभक्ति का जज्बा

## कलेक्टर और एसपी ने घोड़े पर सवार होकर हाथ में तिरंगा लेकर किया यात्रा का नेतृत्व

**दैनिक इंदौर संकेत**
**उज्जैन** • 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के तहत गुरुवार को उज्जैन में भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। सावन की फुहारों के बीच निकली इन यात्राओं में 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से शहर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। जिला प्रशासन और नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित यात्राओं में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, सामाजिक संस्थाओं और बड़ी संख्या में शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जिला प्रशासन की तिरंगा यात्रा का नेतृत्व कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने घोड़े पर सवार होकर हाथ में तिरंगा लेकर किया। देशभक्ति गीतों की धुन के बीच अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी, खिलाड़ी और नागरिक पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए।यात्रा दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर घंटाघर चौराहा पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा लिए नागरिकों में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का उत्साह साफ दिखाई दिया।

इसी क्रम में नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा भी शहीद पार्क से भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली के शुभारंभ से पहले देश की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद हाथों में तिरंगा लेकर रैली रवाना हुई। रैली शहीद पार्क से दौलतगंज होते हुए फव्वारा चौक पहुंची। यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण और भारत माता की आरती के साथ रैली का समापन हुआ। रैली के



दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से शहर गूंज उठा। मार्ग में नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता कर तिरंगे के प्रति सम्मान व्यक्त किया। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने बढ़ाया उत्साह तिरंगा यात्रा में उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी, सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, सामाजिक संस्थाओं के सदस्य और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।जिला प्रशासन और नगर निगम ने नागरिकों से 'हर घर तिरंगा—हर दिल तिरंगा' की भावना को साकार करने तथा स्वतंत्रता दिवस को पूरे उत्साह, सम्मान और गरिमा के साथ मनाने का आह्वान किया।

## नागपंचमी पर महाकाल मंदिर में अलग रहेगी दर्शन व्यवस्था, कलेक्टर ने लिया जायजा

**दैनिक इंदौर संकेत**
**उज्जैन** • नागपंचमी पर्व और श्रावण मास के तृतीय सोमवार के मद्देनजर श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने नागचंद्रेश्वर एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने त्रिवेणी स्थित सरफेस पार्किंग से निरीक्षण की शुरुआत की। इसके बाद शक्तिपथ रोड, चारधाम, हरसिद्धि चौराहा, हरसिद्धि पाल, 24 खंबा रोड, प्रीपेड बूथ सहित मंदिर परिसर के नंदी हॉल, शंखद्वार, मानसरोवर, पंचमुखी और नीलकंठ क्षेत्र का जायजा लिया।उन्होंने अधिकारियों को प्रमुख स्थानों पर सूचना एवं संकेतक बोर्ड, पेयजल, सीसीटीवी कैमरे, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, मेडिकल सुविधा, शीघ्र दर्शन काउंटर, हेल्प डेस्क और लड्डू प्रसाद काउंटर सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन और आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। एक दिन, दो प्रमुख पर्वों का संयोग

श्रावण मास का तृतीय सोमवार और नागपंचमी पर्व एक ही दिन होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर और श्री महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्थाएं पृथक रखी जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही व्यवस्थित रहे और दर्शन सुचारू रूप से संपन्न हो सकें।

## सरदारपुरा में अवैध निर्माण हटाया

**दैनिक इंदौर संकेत**
**उज्जैन** • नगर निगम ने सरदारपुरा क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि और गली के हिस्से में किए गए अनाधिकृत निर्माण को जेसीबी से हटाया। शिकायत के बाद जांच में मुन्नालाल बाथम द्वारा बिना अनुमति निर्माण किए जाने की पुष्टि हुई थी। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर जोन-3 की भवन निरीक्षक



सौम्या चतुर्वेदी के नेतृत्व में रिमूवल गैंग ने कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक मार्ग और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## सम्पादकीय

### ॥ अंतिम यात्रा का मौन सत्य ॥

मृत्यु-एक ऐसा निश्चल सत्य, जिसे भुला देना मनुष्य का स्वभाव है और स्मरण कर लेना उसकी विवेकशीलता। मनुष्य जीवन की बहुरंगी दौड़ में जब अपने भौतिक उपलब्धियों के तिनकों को शिखर मान बैठता है, तब वह यह विस्मृत कर देता है कि उसके जीवन का समापन 'शून्यता' में विलीन होने वाला है। यह शून्यता केवल भौतिक वस्तुओं का नहीं, बल्कि उस आत्मिक अधूरेपन का भी परिचायक है, जो उसने दूसरों को चोट पहुँचाकर अर्जित किया होता है। मेरा एक परिचित था-धन, वैभव, और सामाजिक प्रताप के प्रति उसकी लोलुपता किसी तपस्वी के जप जितनी सघन थी। किन्तु उस तप में करुणा, सहानुभूति और दान की भावना नहीं थीं। गरीब की ओर उसकी दृष्टि घृणा से भरी होती थी, चाहे वो उसका सहोदर क्यों न हो, वह व्यक्ति जीवन भर दूसरों की विवशता को अपनी शक्ति समझता रहा, और उनके अधिकारों को अपने स्वार्थ की भूमि में गाड़ता रहा। परंतु मृत्यु ने जब अपना मौन आमंत्रण भेजा, तो न उसका चेहरा पहचानने योग्य रहा, न उसकी आत्मा शांत दिखी। वर्षों से एकांतवास में जकड़ा वह पुरुष, जिसने कभी अपनों को मुस्कान तक नहीं बाँटी, अंततः एक निर्जीव, विकृत देह में परिवर्तित हो गया जिसे कंधा देने वाला भी कोई मन से नहीं था-बस औपचारिकताएं थीं। -धन की क्षणभंगुरता और कर्म की चिरंतनता- जिसने सम्पूर्ण जीवन 'मेरा' और 'अधिक' के भ्रम में बिताया, वो अंत में अकेले, खामोश और बेबस चला गया। 'धन, जब तक हाथ में रहे, साधन है; जब सिर चढ़ जाए, तो भ्रम है; और मृत्यु के बाद केवल मिट्टी है।' संपत्ति का अहंकार मनुष्य को सामाजिक पटल पर चाहे कितना भी ऊँचा दिखा दे, किन्तु मृत्यु उसे उस शून्यता की गोद में डाल देती है, जहाँ केवल 'कर्मों की आवाज़' गूंजती है, और वह भी बस श्रद्धांजलि के मौन में।

मृत्यु- एक मौन संवाद- 'अंतिम यात्रा' किसी देह को श्मशान तक ले जाने की परंपरा मात्र नहीं, बल्कि मानव जीवन की अंतिम पाठशाला है, जहाँ शव मौन होकर भी बोलता है- 'मैं कुछ लेकर नहीं जा रहा। मेरे पास सब कुछ था, पर अंत में कुछ भी न रहा। तुम सीख लो जो मैंने नहीं सीखा- इंसानियत।

'ताकतवान वही है जो दूसरों का हक न छीने, संपन्न वही है जो बाँट सके, और अमर वही है जिसकी मृत्यु के बाद लोग आँखें नम करें, न कि सिर झुका कर चलें।' यह 'अंतिम यात्रा का मौन सत्य' हर उस मनुष्य के लिए आईना है जो वर्तमान में धन के मद में चूर है, पर भविष्य में स्मृति से भी वंचित रह जाएगा।



-सतीश शर्मा

##### स्वतंत्रता दिवस, स्वाधीनता संग्राम के महान बलिदानियों के पूण्य स्मरण का महान उत्सवद्य

# स्वतंत्रता के सच्चे अर्थों को समझने का पर्व

15 अगस्त केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं है। यह भारत की आत्मा का वह उत्सव है, जब सदियों की पराधीनता के बाद देश ने स्वतंत्र आकाश में पहली बार अपने राष्ट्रीय स्वाभिमान के साथ सांस ली थी। यह दिन हमें उन असंख्य ज्ञात-अज्ञात बलिदानियों की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने वर्तमान को राष्ट्र के भविष्य के लिए समर्पित कर दिया। स्वतंत्रता दिवस इसलिए केवल ध्वजारोहण, राष्ट्रगान और समारोहों का पर्व नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी है कि जिस स्वतंत्रता के लिए हमारे पूर्वजों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया, उसकी सार्थकता हम किस प्रकार सुनिश्चित कर रहे हैं। भारत की स्वतंत्रता किसी एक व्यक्ति, संगठन या आंदोलन का परिणाम नहीं थी। इसके पीछे लंबे संघर्ष की एक विराट परंपरा थी। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन तक करोड़ों भारतीयों ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से स्वतंत्रता के संघर्ष में भाग लिया। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को संघर्ष का हथियार बनाया तो नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अदम्य राष्ट्रभक्ति और सैन्य साहस का परिचय दिया। भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खाँ और असंख्य क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की चेतना को झकझोर दिया। महिलाओं ने भी इस संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रानी लक्ष्मीबाई से लेकर सरोजिनी नायडू, अरुणा आसफ अली और अनगिनत महिलाओं ने स्वतंत्रता आंदोलन को जनांदोलन बनाने में योगदान दिया।

15 अगस्त 1947 को राजनीतिक स्वतंत्रता मिली, लेकिन स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ उससे कहीं व्यापक है। विदेशी शासन से मुक्ति स्वतंत्रता का पहला चरण था; गरीबी, अशिक्षा, भेदभाव, भ्रष्टाचार, अंधविश्वास और सामाजिक विषमता से मुक्ति उसका अगला चरण है। यदि कोई व्यक्ति राजनीतिक रूप से स्वतंत्र है, लेकिन शिक्षा और अवसर से वंचित है, तो उसकी स्वतंत्रता अधूरी है। यदि किसी बच्चे को भूख के कारण विद्यालय छोड़ना पड़े, यदि किसी किसान को अपनी मेहनत का उचित मूल्य न मिले, यदि किसी महिला को अपनी सुरक्षा और सम्मान के लिए संघर्ष करना पड़े, तो हमें अपने स्वतंत्र राष्ट्र की उपलब्धियों के साथ अपनी चुनौतियों को भी स्वीकार करना होगा। स्वतंत्रता के साथ अधिकार आते हैं, लेकिन अधिकारों के साथ कर्तव्य भी जुड़े होते हैं। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता, न्याय और गरिमा का अधिकार दिया है। उसी संविधान ने नागरिकों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों की भी याद दिलाई है। देश केवल सरकार से नहीं चलता; देश उसके नागरिकों के चरित्र, अनुशासन, ईमानदारी और जिम्मेदारी से चलता है। सड़क पर यातायात नियमों का पालन करने वाला नागरिक, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करने वाला नागरिक, करों का ईमानदारी से भुगतान करने वाला नागरिक, पर्यावरण



बचाने वाला नागरिक और जरूरतमंद की सहायता करने वाला नागरिक—ये सभी अपने-अपने स्तर पर राष्ट्रनिर्माण में योगदान देते हैं।

आज भारत युवा शक्ति से समृद्ध देश है। यह युवा शक्ति हमारी सबसे बड़ी संभावना है। विज्ञान, तकनीक, अंतरिक्ष, चिकित्सा, खेल, शिक्षा, उद्योग और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में भारतीय युवाओं ने दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। लेकिन युवाओं के सामने रोजगार, कौशल, मानसिक दबाव और डिजिटल दुनिया की चुनौतियां भी हैं। इसलिए स्वतंत्रता दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम अपनी युवा पीढ़ी को केवल डिग्री नहीं, बल्कि ज्ञान, कौशल, संस्कार और जिम्मेदारी भी देंगे।

शिक्षा स्वतंत्रता की सबसे मजबूत आधारशिला है। एक शिक्षित नागरिक अपने अधिकारों को समझता है, कर्तव्यों को पहचानता है और सही-गलत के बीच अंतर करने की क्षमता रखता है। इसलिए हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना राष्ट्र की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में होना चाहिए। शिक्षा ऐसी हो जो केवल नौकरी पाने का साधन न बने, बल्कि मनुष्य को संवेदनशील, विवेकशील और जिम्मेदार नागरिक बनाए।स्वतंत्रता का एक महत्वपूर्ण अर्थ आर्थिक आत्मनिर्भरता भी है। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी पूरा होगा जब हम उत्पादन, नवाचार, उद्यमिता और स्थानीय प्रतिभा को प्रोत्साहित करेंगे। किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी, कारीगर, वैज्ञानिक, शिक्षक, सैनिक और उद्यमी—सभी राष्ट्र की आर्थिक शक्ति के अलग-अलग स्तंभ हैं। किसी देश की वास्तविक समृद्धि केवल बड़े शहरों की चमक से नहीं, बल्कि गांवों और छोटे कस्बों के जीवन स्तर से भी मापी जाती है। आज पर्यावरण संरक्षण भी राष्ट्रधर्म का विषय बन चुका है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, निर्मल जल और सुरक्षित प्रकृति देना हमारी जिम्मेदारी है। जिस स्वतंत्रता के लिए हमारे पूर्वजों ने धरती को अपना रक्त दिया, उस धरती को प्रदूषण और विनाश से बचाना भी हमारा कर्तव्य है। वृक्ष लगाना, जल बचाना, प्लास्टिक का कम उपयोग करना और प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना छोटे कदम लग सकते हैं, लेकिन करोड़ों नागरिक जब इन्हें अपनाते हैं तो यही कदम राष्ट्रीय परिवर्तन का आधार बन जाते हैं।

स्वतंत्रता का अर्थ यह भी है कि हम विविधता में एकता की भारतीय परंपरा को मजबूत करें। भारत अनेक भाषाओं, धर्मों, संस्कृतियों, परंपराओं और जीवन-पद्धतियों का देश है। हमारी शक्ति इस विविधता को मिटाने में नहीं, बल्कि उसे सम्मान देते हुए राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में है। मतभेद लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया हैं, लेकिन मतभेद मनभेद में न बदलें—यह जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। महात्मा गांधी का ग्राम स्वराज का सपना हो या डॉ. भीमराव आंबेडकर का सामाजिक न्याय का विचार, सरदार पटेल की राष्ट्रीय एकता हो या डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का विकसित भारत का स्वप्न—इन सभी विचारों का अंतिम लक्ष्य एक सशक्त, न्यायपूर्ण और आत्मविश्वासी भारत था। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इन आदर्शों को केवल भाषणों तक सीमित न रखें, बल्कि अपने व्यवहार और जीवन में उतारें।

स्वतंत्रता दिवस पर हमें यह प्रश्न स्वयं से पूछना चाहिए—क्या हम केवल स्वतंत्र भारत के नागरिक हैं या स्वतंत्रता को सार्थक बनाने वाले जिम्मेदार नागरिक भी हैं? राष्ट्रप्रेम केवल सीमा पर खड़े सैनिक का दायित्व नहीं है। सैनिक सीमा की रक्षा करता है, किसान अन्न की, वैज्ञानिक ज्ञान और तकनीक की, शिक्षक भविष्य की और प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक राष्ट्र के चरित्र की रक्षा करता है। आज जब भारत विश्व मंच पर तेजी से अपनी भूमिका मजबूत कर रहा है, तब हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हमें ऐसा भारत बनाना है जो आर्थिक रूप से शक्तिशाली होने के साथ मानवीय रूप से भी समृद्ध हो; जहां विकास के साथ संवेदना हो, तकनीक के साथ संस्कार हों, अधिकारों के साथ कर्तव्य हों और प्रगति के साथ प्रकृति का संरक्षण भी हो। आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम केवल तिरंगे को ही सलाम न करें, बल्कि उसके तीनों रंगों में छिपे संदेश को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें। हम अपने कर्म को राष्ट्रहित से जोड़ें, अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों को समझें और भारत की एकता, अखंडता तथा गरिमा को सर्वोच्च स्थान दें।

स्वतंत्रता हमें विरासत में मिली है, लेकिन उसकी रक्षा और उसे सार्थक बनाना हमारी जिम्मेदारी है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने हमें एक स्वतंत्र भारत दिया; अब हमारी पीढ़ी का दायित्व है कि हम आने वाली पीढ़ियों को समृद्ध, शिक्षित, सुरक्षित, संस्कारित, आत्मनिर्भर और संवेदनशील भारत सौंपें।

***यही स्वतंत्रता दिवस का सच्चा उत्सव होगा।***
***यही शहीदों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।***

और यही स्वतंत्रता को स्वराज्य से सुराज्य तक ले जाने का हमारा राष्ट्रीय संकल्प होगा।

**संजीव ठाकुर,** वरिष्ठ पत्रकार, लेकक, चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़

##### स्वाभिमान का पर्व और भाषाई स्वाधीनता

## अपना देश... अपनी भाषा... अपना स्वाभिमान

**ब्रिटिश** राज के चंगुल से स्वतंत्र हुए हमें आठ दशक होने को आ रहे हैं। लेकिन हर साल जब स्वतंत्रता का यह पावन पर्व आता है, तो एक यक्ष प्रश्न हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान के सामने खड़ा हो जाता है। हम इस ऐतिहासिक दिन पर एक-दूसरे को बधाई कैसे देना चाहते हैं?

**'हैप्पी इंडिपेंडेंस डे' या 'स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ '?-** भारत हमारा स्वाधीन राष्ट्र है, स्वतंत्रता दिवस हमारा सर्वोच्च राष्ट्रीय पर्व है और हिंदी (तथा हमारी सभी भारतीय भाषाएँ) हमारी सांस्कृतिक आत्मा है। फिर भी, अपने ही देशवासियों को आज़ादी की बधाई अंग्रेजी में देने की यह होड़ आखिर किस बात का प्रतीक है? इतिहास साक्षी है कि हमने लगभग दो शताब्दियों तक अंग्रेजों के क्रूर शासन का दंश झेला। 1947 में हमने राजनीतिक स्वतंत्रता तो हासिल कर ली और गुलामी की जंजीरों को तोड़ फेंका, लेकिन अफ़सोस कि भाषाई और मानसिक गुलामी के अदृश्य धागे आज भी हमारे चिंतन को जकड़े हुए हैं। जब कोई भारतीय अपने ही भाई-बहन को स्वतंत्रता दिवस पर अंग्रेजी में बधाई देता है, तो ऐसा लगता है कि औपनिवेशिक स्वामीभक्ति का भाव आज भी हमारी सोच पर हावी है।

**दुनिया के अन्य सशक्त और स्वाभिमानी देशों के उदाहरण हमारे लिए एक बड़ी सीख हैं: फ्रांस:** फ्रांसीसी नागरिक अपने राष्ट्रीय दिवस (Bastille Day) पर केवल 'जॉयक्स 14 जुइलेट' (Joyeu& 14 Juillet) कहते हैं। वे किसी भी कीमत पर अंग्रेजी या अन्य भाषा के प्रभुत्व को अपनी राष्ट्रीय पहचान पर हावी नहीं होने देते। **रूस:** विजय दिवस (Victory Day) हो या रूस दिवस, रूसी समाज अपनी बधाई केवल और केवल अपनी मातृभाषा रूसी ( 'स ड्नेम पोबेडी ') में देता है। उनके लिए भाषा ही उनकी संप्रभुता का मुख्य स्तंभ है। **चीन और जापान:** इन दोनों देशों ने यह साबित कर दिया है कि आधुनिकता और आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए अंग्रेजी का पिछलग्गू होना ज़रूरी नहीं है। वे अपने हर राष्ट्रीय उत्सव को पूरी निष्ठा के साथ अपनी ही भाषा में मनाते हैं। **जर्मनी:** जर्मन अपनी एकजुटता दिवस (Tag der Deutschen Einheit) पर अपनी भाषा के स्वाभिमान को सर्वोपरि रखते हैं। ज्ञान या वैश्विक संवाद के लिए कोई नई भाषा सीखना गलत नहीं है; अंग्रेजी का व्यावहारिक ज्ञान होना भी कोई अपराध नहीं है। लेकिन समस्या तब खड़ी होती है जब अंग्रेजी को अभिजात्यता, ज्ञान और सामाजिक प्रतिष्ठा का पर्याय मान लिया जाता है और अपनी राष्ट्रभाषा या मातृभाषा को हीन भावना से देखा जाता है। दुनिया का कोई भी देश दूसरों की भाषा को वैशाखी बनाकर महान नहीं बना। भाषा केवल संवाद का साधन नहीं होती, वह हमारी संस्कृति, हमारे संस्कारों और हमारी संप्रभुता की वाहक होती है। जब हम अपनी भाषा छोड़ते हैं, तो हम अपनी जड़ों से कट जाते हैं। इस आज़ादी के पर्व पर आइए एक और आज़ादी का संकल्प लें, मानसिक गुलामी से आज़ादी। अपनी भाषा में सोचने, अभिव्यक्ति करने और गर्व महसूस करने की आज़ादी। आइए, इस बार औपनिवेशिक मानसिकता का त्याग करें और अपनी आज़ादी के सबसे बड़े पर्व पर एक-दूसरे को पूरी आत्मीयता, सम्मान और गर्व के साथ कहें: 'स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ! '

**-राजकुमार जैन,** स्वतंत्र चिंतक एवं वरिष्ठ स्तंभकार

## आंचलिक

# एकलदूना में विकास कार्यों पर सवाल, अधूरी सीसी रोड और अव्यवस्थाओं से ग्रामीण परेशान

**अजय नलवाया (7879800048)**

**धार • दैनिक इंदौर संकेत**

ग्राम एकलदूना में विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सीसी रोड स्वीकृत होने के बावजूद निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, जिसके कारण राहगीरों और ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में सीसी रोड निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन सड़क पर पानी जमा होने के बावजूद पानी निकासी की उचित व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। इससे बारिश के दौरान ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ने की आशंका है। वहीं पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर भी ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं। कुछ ग्रामीणों से बातचीत के दौरान सामने आया कि उन्हें गांव की सरपंच का नाम तक पता नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच गांव में नियमित



रूप से नहीं आती-जाती हैं और पंचायत का संचालन उनकी अनुपस्थिति में किया जा रहा है। गांव में लाखों रुपये खर्च कर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की बात भी ग्रामीणों ने बताई। ग्रामीणों के अनुसार इनमें से वर्तमान में करीब 12 से 15 स्ट्रीट लाइट ही चालू हैं, जबकि कई लाइटें बंद पड़ी हैं। इसके अलावा आंगनवाड़ी क्रमांक-2 का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा होने की बात सामने आई है। वहीं स्वच्छ पेयजल योजना के तहत लगाई गई पानी की टंकी के आसपास काफी गंदगी दिखाई देने का आरोप भी ग्रामीणों ने लगाया है।

ग्रामीणों ने सरकारी स्कूल परिसर में चल रहे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य के कारण स्कूल का मैदान प्रभावित हो रहा है और बच्चों के खेलकूद के लिए पर्याप्त जगह नहीं बच रही है। ग्रामीणों ने इस निर्माण कार्य की अनुमति और प्रक्रिया की जांच की मांग की है।

### उप सरपंच ने बताई ग्रामीणों की परेशानी

एकलदूना की उप सरपंच रेखा बाई पति दिलीप परमार से मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि ग्रामीण काफी परेशान हैं और गांव में कई समस्याएं बनी हुई हैं।

उप सरपंच से मिली जानकारी के अनुसार, एकलदूना की सरपंच सूर्या बाई पति नन्दू काफी समय से गांव में मौजूद नहीं हैं। बताया गया कि सरपंच और उनके पति पिछले काफी समय से मजदूरी के लिए बाहर गए हुए हैं।

ऐसे में ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच की लंबे समय से अनुपस्थिति के बावजूद पंचायत का संचालन किस प्रकार किया जा रहा है, यह जांच का विषय है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पंचायत के विकास कार्यों, निर्माण कार्यों, स्ट्रीट लाइट, आंगनवाड़ी, पेयजल व्यवस्था और सरपंच की अनुपस्थिति की निष्पक्ष जांच कराई जाए। अब देखना होगा कि ग्रामीणों द्वारा उठाए गए इन सवालों पर जिम्मेदार अधिकारी क्या संज्ञान लेते हैं और एकलदूना में अधूरे पड़े विकास कार्यों को कब तक पूरा किया जाता है।

##### कुख्यात गुंडा व असामाजिक अपराधी पर कसा शिकंजा

# छात्राओं से छेड़छाड़, पीछा करने, अश्लील हरकतों व जातिसूचक शब्दों के प्रयोग पर गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज

### थाना कोतवाली की टीम द्वारा त्वरित व सराहनीय कार्रवाई; महिलाओं व छात्राओं को गुंडों के आतंक से कराया मुक्त

**अजय नलवाया (7879800048)**

**धार • दैनिक इंदौर संकेत**

नगर में शांति व्यवस्था बिगाड़ने, महिलाओं एवं छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने, उनका पीछा करने, अश्लील हरकतें करने तथा शासकीय एवं स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवधान डालने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के क्रम में पुलिस थाना कोतवाली, धार द्वारा एक बड़ा और सराहनीय आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है।

मामले में कुख्यात गुंडा व असामाजिक अपराधी मोइन खान पिता महमूद खान (निवासी: गुलमोहर कॉलोनी, धार) तथा उसके अन्य अज्ञात असामाजिक साथीगण के विरुद्ध संस्थानों में अनाधिकृत प्रवेश कर अभद्रता करने, महिलाओं व युवतियों को परेशान करने, अश्लील हरकतें करने, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने के गंभीर आरोपों के तहत प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई है।

उल्लेखनीय है कि आरोपी मोइन खान एक आदतन व कुख्यात अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी कई गंभीर धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी द्वारा आए दिन महिलाओं व युवतियों को निशाना बनाया जाता रहा है। विशेष रूप से पीजी कॉलेज धार में पढ़ाई करने आने वाली छात्राओं को अनाधिकृत रूप से कॉलेज परिसर में प्रवेश कर परेशान करना, उनका पीछा करना, उनके साथ अश्लील हरकतें व छींटाकशी करना इसकी आदत बन चुकी है। आरोपी मोइन खान के इस आतंक व असामाजिक कृत्यों से पीजी कॉलेज में पढ़ने वाली कई छात्राएं और महिलाएं लंबे समय से बेहद परेशान व भयभीत हैं।

**थाना कोतवाली की टीम द्वारा तत्परता की सराहना -** इस अत्यंत संवेदनशील मामले में थाना कोतवाली की टीम द्वारा कार्यप्रणाली बेहद प्रशंसनीय और अनुकरणीय रही है। थाना कोतवाली की टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बिना किसी विलंब के समय रहते त्वरित एवं कठोर कदम उठाया। थाना कोतवाली की टीम की इस मुस्तैदी व मजबूत कार्रवाई से पीड़िता तथा पीजी कॉलेज की छात्राओं को इन असामाजिक व आपराधिक तत्वों के भय से मुक्ति मिली है। पुलिस प्रशासन की इस समयबद्ध कार्रवाई से नगर की महिलाओं में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है और असामाजिक तत्वों के हौसले पस्त हुए हैं। नगर के प्रबुद्ध नागरिकों एवं महिलाओं द्वारा थाना कोतवाली की टीम द्वारा की गई इस निष्पक्ष व त्वरित कार्रवाई की भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।

**दर्ज धाराओं एवं अपराध का विवरण** पुलिस द्वारा कुख्यात अपराधी मोइन खान (पिता महमूद खान) एवं उसके अज्ञात साथीगण के कृत्य पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की निम्नलिखित गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है:

**भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023:** धारा 296(ए): सार्वजनिक स्थान पर अश्लील कृत्य करना, अभद्र भाषा का प्रयोग करना तथा महिलाओं/युवतियों से छींटाकशी व अश्लील हरकतें करना।

**धारा 351(2):** आपराधिक धमकी देना, जान से मारने की धमकी देना एवं भय का माहौल पैदा करना। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 (संशोधन 2015): **धारा 3(1)(आर):** सार्वजनिक स्थान पर जानबूझकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करना। **धारा 3(1)(एस):** जातिगत टिप्पणी कर प्रताड़ित करना एवं गालियां देना।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी मोइन खान (पिता महमूद खान) द्वारा पूर्व में भी कार्यस्थल पर अनुशासनहीनता एवं अव्यवस्था फैलाने पर संस्थान से निष्कासित किया जा चुका था। इसके बावजूद आरोपी अपने अज्ञात साथियों के साथ अनाधिकृत रूप से अस्पताल परिसर में घुसा और महिला कर्मचारियों व युवतियों के साथ अभद्रता की, उनका पीछा कर अश्लील हरकतें कीं तथा मना करने पर जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस धार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी मोइन खान एवं उसके साथियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण (एफआईआर नंबर 0448/2026) पंजीकृत कर लिया है। थाना कोतवाली की टीम द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है और आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड खंगालते हुए सख्त से सख्त कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं।

## एंबुलेंस नहीं मिली, सड़क किनारे साड़ियों की ओट कर पूर्व स्वास्थ्यकर्मी ने कराई डिलीवरी

**धार • दैनिक इंदौर संकेत**

धार जिले के धामनोद स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत गुजरी में गुरुवार को स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर लापरवाही सामने आई है। भारुडपुरा उतावली की गर्भवती महिला संगीता की डिलीवरी अस्पताल से 200 मीटर पहले सड़क पर हो गई। महिला के परिजनों ने बताया 108 एंबुलेंस बुलाई थी, लेकिन उन्हें बताया गया कि एंबुलेंस नालछा की ओर गई है और आने में दो से तीन घंटे लग सकते हैं। इसके बाद परिजन महिला को निजी वाहन से गुजरी के शासकीय अस्पताल ले जाने लगे। अस्पताल पहुंचने से लगभग 200 मीटर पहले ही महिला की प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ गई, जिसके कारण वाहन को सड़क किनारे रोकना पड़ा। इस दौरान एक महिला दौड़कर अस्पताल गई लेकिन वहां पर जिम्मेदार डॉक्टर मौजूद नहीं था। इसके चलते सड़क पर ही महिला डिलीवरी कराई गई। गर्भवती महिला का पति के बिहारी ने बताया कि मैं मेरी पत्नी को गुजरी अस्पताल लेकर जा रहा था, लेकिन अस्पताल जाने से पहले ही दर्द बढ़ गया। रास्ते में गाड़ी की और आसपास की महिलाओं ने मेरी पत्नी की डिलीवरी करवाई। हमारी भाभी अस्पताल पहुंची थी लेकिन वहां कोई डॉक्टर नहीं था। महिला की जेठानी हीराबाई ने बताया कि डिलीवरी की गाड़ी नहीं मिली, तो दूसरे गाड़ी से हम सरकारी अस्पताल गए, लेकिन सरकारी अस्पताल बंद था। महिला दर्द से तड़प रही थी। मैंने आसपास की महिलाओं को बुलाया और साड़ियों से आड़ करके उनकी डिलीवरी की।

## सुप्रीम कोर्ट में भोजशाला मामले की सुनवाई टली, हाईकोर्ट के मंदिर घोषित करने के फैसले को चुनौती

**धार • दैनिक इंदौर संकेत**

भोजशाला मामले में मुस्लिम पक्ष की ओर से दायर याचिकाओं पर बुधवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। इससे पहले 5 अगस्त को भी सुनवाई टल गई थी और कोर्ट ने अगली तारीख 12 अगस्त तय की थी। कार्यवाही आगे नहीं बढ़ने से मामले में अगली सुनवाई का इंतजार है। दरअसल, 15 मई 2026 को इंदौर हाईकोर्ट ने भोजशाला को मां सरस्वती का मंदिर घोषित करते हुए हिंदू समाज को वहां रोजाना पूजा करने की अनुमति दी थी। इस फैसले के खिलाफ मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने सुप्रीम कोर्ट में पांच याचिकाएं दायर की थीं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 14 जुलाई को अंतरिम आदेश जारी किया था। कोर्ट ने प्रदेश सरकार को निर्देश दिए थे कि मुस्लिम समाज के लिए हर शुक्रवार जुमे की नमाज अदा करने के लिए भोजशाला के पास ही किसी खाली वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था की जाए। इसके बाद प्रशासन ने मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। प्रशासन ने चालीस पीर दरगाह के पास स्थित खाली जमीन पर नमाज की व्यवस्था करने की बात कही। इस जगह को समतल भी कराया गया था। मुस्लिम समाज ने इस व्यवस्था पर आपत्ति जताई। समाज के लोगों का कहना था कि चालीस पीर दरगाह भोजशाला से काफी दूर है। उनका कहना था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार भोजशाला से लगी खाली जमीन पर नमाज की व्यवस्था होनी चाहिए।



शहीदों के सपनों का भारत बनाना है,
तिरंगे की शान को सदा बढ़ावा है।
स्वतंत्रता
दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएँ
सौ.से : विनोद गुर्जर पार्षद गौतमपुरा




स्वतंत्रता
दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री सोहनसिंह & कम्पनी
बालुरेती, गिट्टी, मुरम, बोल्डर एवं बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर्स
डम्पर JCB, रोडर पोकलेन आदि किराये पर उपलब्ध है !
प्रो. महेन्द्र मकवाना
9754362888
9575405888
महेन्द्र सिंह मकवाना
वेदांश मकवाना
स्थान : चमन चौराहा, देपालपुर जिला इन्दौर (म.प्र.)




स्वतंत्रता
दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. देवराज मकवाना
7049594902, 9981794527
संदीप मकवाना
मो. 9589972159
भरोसा व विश्वास का प्रतिक
श्री राजवीर कंस्ट्रक्शन
रेती, गिट्टी, धुला, चुरी बालुरेती उपलब्ध है।
जेसीबी डम्पर किराये के लिये सम्पर्क करें।
स्थान-बेटमा रोड़, ठाकुर पेट्रोल पम्प के पास, देपालपुर




SUN SHINE
Filling Station
सुरभि गैस एजेंसी
HP
Bharatgas
COOK FOOD. SERVE LOVE.
स्वतंत्रता
दिवस
की आप सभी को
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएें
सौ.से.: मुकेश जैन (देपालपुर)




ग्राम पंचायत
बिरगोदा
की ओर से
स्वतंत्रता
दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
सुदीप ठाकुर
(सरपंच)
केशव सिसोदिया
ग्राम पंचायत बिरगोदा एवं समस्त ग्रामवासी




ग्राम पंचायत चटवाड़ा
की ओर से
स्वतंत्रता
दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
जीवन गिरवाल
(सरपंच, चटवाड़ा)
ओमप्राकाश पाटीदार
(सचिव, चटवाड़ा)
हेमंत डाबी
(सहायक सचिव)
ग्राम पंचायत चटवाड़ा एवं समस्त ग्रामवासी




सुमन कान्वेंट हाई स्कूल
अटाहेड़ा तह. देपालपुर जिला इन्दौर (म.प्र.)
भारतीय संस्कृति का ज्ञान एवं नैतिक एवं
सामाजिक मूल्य का ज्ञान आधारित शिक्षा
हमारी विशेषताएँ
1. 18 वर्षों की सतत सफलता-गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उत्कृष्ट परिणाम।
2. न्यूनतम शुल्क में उच्च शिक्षा-किफायती और मूल्य-आधारित शिक्षण व्यवस्था।
3. इंदौर शहर के अनुभवी शिक्षक-शिक्षिकाएँ विषय विशेषज्ञों द्वारा अध्यापन।
4. जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन क्षेत्र की सर्वाधिक चयन देने वाली संस्था।
5. सीसीटीवी निगरानी प्रणाली परिसर में पूर्ण सुरक्षा एवं अनुशासन।
6. बोर्ड परीक्षाओं में 100% परिणाम निरंतर उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन।
7. अंग्रेज़ी माध्यम शिक्षण आधुनिक एवं प्रतिस्पर्धी शिक्षा।
8. निकटतम लोकेशन - आपके गाँव से मात्र 10 मिनट की दूरी, समय और श्रम की बचत।
9. लड़के-लड़कियाँ पृथक पद्धति से शिक्षण सुरक्षित एवं अनुशासित वातावरण।
10. सीसीटीवी युक्त स्कूल बसें एवं कुशल स्टाफ सुरक्षित परिवहन व्यवस्था
स्वतंत्रता
दिवस
पर आप सभी को
हार्दिक
शुभकामनाएँ
प्राचार्य
श्रीमती कीर्ति ठाकुर
योग्यता: B.A. B.Com, M.A. (अंग्रेज़ी
9329813255
डायरेक्टर
श्री सुमन सिंह ठाकुर
योग्यता: B.Com, B.Sc
9981130877




ग्राम पंचायत
हसनाबाद
की और से
स्वतंत्रता
दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं




स्वतंत्रता दिवस
पर आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएँ
प्रणव जायसवाल मित्र मंडल, देपालपुर




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।**आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।